डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

रविवार

11 फरवरी 2024

आपकी आवाज




जहानाबाद नगर परिषद की बैठक में वार्ड पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी भिड़े 2



## बिहार में नई सरकार के फ्लोर टेस्ट से पहले बड़े सियासी खेल की संभावना

# फ्लोर टेस्ट से पहले बेचैनी में नीतीश जदयू के भोज में नहीं पहुंचे कई विधायक

- 12 फरवरी को नीतीश सरकार को विधानसभा में साबित करना है बहुमत
- आरजेडी और कांग्रेस ने दावा किया है कि फ्लोर टेस्ट से पहले बड़ा सियासी खेल होगा इस दावे से जेडीयू और बीजेपी अलर्ट हो गए हैं

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में नई सरकार के फ्लोर टेस्ट से पहले बड़े सियासी खेल की संभावना बढ़ती जा रही है। एक तरफ जहां लालू ने माले विधायकों को अपना दूत बनाकर जीतन राम मांझी को अपने पाले में लाने के लिए भेजा तो वहीं दूसरी तरफ जेडीयू की भोज में विधायकों की संख्या कम रही। आनन-फानन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार श्रवण कुमार के आवास पर आयोजित भोज में पहुंचे लेकर विधायकों की कम संख्या देखकर वहां से निकल गए। दरअसल, नीतीश सरकार को आगामी 12 फरवरी को विधानसभा में बहुमत साबित करना है। फ्लोर टेस्ट से पहले सियासी हलचल काफी तेज हो गई है। आरजेडी और कांग्रेस ने दावा किया है कि फ्लोर टेस्ट से पहले बड़ा सियासी खेल होगा। इस दावे से जेडीयू और बीजेपी अलर्ट हो गए हैं। विधायकों को एकजुट रखने के लिए जेडीयू ने आज मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर भोज का आयोजन किया है। इस भोज के बहाने जेडीयू विधायकों को हर हाल में एकजुट देखना चाहती है।

मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर आयोजित भोज में जेडीयू के 45 में से 40 विधायक ही पहुंचे। पांच विधायकों के नहीं आने से चचाओं का दौर शुरू हो गया। जेडीयू ने अपने विधायकों को व्हिप जारी किया है। सभी को फ्लोर टेस्ट के दिन विधानसभा में उपस्थित रहने को कहा है। शनिवार को हुई अनौपचारिक बैठक में जेडीयू के कितने विधायक पहुंचे, इसकी हाजिरी भी बनाई गई। विधायकों से कागज पर दस्तखत कराए गए हैं। फ्लोर टेस्ट से पहले रविवार को शिक्षा मंत्री विजय चौधरी के आवास पर जेडीयू विधायक दल की बैठक भी बुलाई गई है। इससे पहले जब नीतीश कुमार भोज में पहुंचे थे तो उस समय सिर्फ 10 से 12 विधायक ही वहां मौजूद थे। ऐसे में थोड़ी देर रूकने के बाद मुख्यमंत्री वहां से रवाना हो गए। सियासी गलियारे में चर्चा है कि विधायकों की संख्या कम देखकर नीतीश नाराज होकर वहां से निकले हैं। हालांकि यह भी बात रही कि विधायक धीरे-धीरे श्रवण कुमार के आवास पर पहुंच रहे थे। बता दें कि जैसे-जैसे नीतीश सरकार के फ्लोर टेस्ट का समय नजदीक आ रहा है, बिहार की सियासत में जोड़-तोड़ की राजनीति तेज हो गई है। नीतीश सरकार विधानसभा में विश्वासमत हासिल नहीं कर सके इसको लेकर बिहार की राजनीति के धुरंधर लालू प्रसाद पूरी तरह से एक्टिव हो गए हैं।

243 सीटों वाली विधानसभा में राजद के पास 79 विधायक हैं। बीजेपी के पास 78 विधायक, जदयू- 45, कांग्रेस- 19, सीपीआई (एम-एल)- 12, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा- 4, सीपीआई- 2, सीपीआई (एम)- 2, एआईएमआईएम- 1 और 2 निर्दलीय। नीतीश कुमार की जदयू और भाजपा के पास कुल 123 विधायक हैं। यह आवश्यक बहुमत के आंकड़े 122 से केवल एक अधिक है। वहीं भाजपा को हम का भी समर्थन प्राप्त है, जिसके 4 विधायक हैं। एनडीए को एक निर्दलीय



### सियासी हलचल के बीच मांझी से मिलने पहुंचे माले विधायक

तमाम तरह के सियासी कयासों के बीच बलरामपुर से माले विधायक महबूब आलम और पीआई (एमएल, एल) के विधायक सत्यदेव राम शनिवार को जीतन राम मांझी से मुलाकात करने पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में मुलाकात हुई है। कहा जा रहा है कि लालू प्रसाद ने मांझी को मनाने के लिए माले विधायक को दूत बनाकर भेजा है। ऐसे में सियासी गलियारे में एक बार फिर मांझी के पाला बदलने की चर्चा तेज हो गई है। नई सरकार के गठन के बाद से ही आरजेडी और कांग्रेस फ्लोर टेस्ट से पहले बड़े खेल का दावा कर रहे थे। बड़े सियासी खेल की अटकलों के बीच आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने अपना आखिरी दांव चल दिया है। लालू ने बलरामपुर के मामले विधायक महबूब आलम को जीतन राम मांझी के पास भेजा है। जीतन राम मांझी और उनके बेटे हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन से माले विधायक की मुलाकात हुई है। हालांकि हम ने किसी भी तरह के सियासी खेल से इनकार किया है। राज्य में एनडीए की सरकार बनने के बाद से ही जीतन राम मांझी एक और मंत्री पद की मांग कर सरकार पर दबाव बना रहे थे। उन्होंने यहां तक कहा था कि कांग्रेस की तरफ से उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का ऑफर दिया जा रहा है। मांझी ने कहा था कि एक रोटी से उनका पेट नहीं भरने वाला है और पेट भरने के लिए कम से कम दो रोटी की जरूरत है। मांझी के इस बयान के बाद कहा जा रहा था कि वे कभी भी पाला बदल सकते हैं।

### 12 फरवरी को होगी नीतीश सरकार की अग्नि परीक्षा

**पटना :** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 12 फरवरी के दिन अग्नि परीक्षा से गुजरना है। एनडीए नेताओं ने अपने पक्ष में 128 विधायक का समर्थन का दावा किया है, राज भवन में भी इतने विधायक के समर्थन का भरोसा दिलाया गया था। तब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नेताओं का शपथ ग्रहण समारोह हुआ था। अब जैसे-जैसे 12 फरवरी का दिन नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक दलों की बेचैनी बढ़ रही है। अपने विधायकों को कैसे एकजुट किया जाए इसे लेकर कसरत की जा रही है। 12 फरवरी से बजट सत्र की शुरूआत हो रही है और पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास का नोटिस दिया गया है अगर अवध बिहारी चौधरी इस्तीफा नहीं देते हैं तो सदन के अंदर वोटिंग की नौबत आएगी और दोनों ओर से शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। विधायकों को एकजुट रखने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने तमाम विधायकों को बोधगया बुलाया है। भारतीय जनता पार्टी प्रशिक्षण शिविर के बहाने विधायकों की उपस्थिति देखना चाहेगी।

### राजद विधायक का दावा : नीतीश कुमार के पास नहीं है बहुमत

जेडीयू विधायकों की एकजुटता को देखने के लिए मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर विधायकों को बुलाया गया था। लेकिन कुछ विधायक इसमें शामिल नहीं हुए। इस पर राजद के विधायक फतेह बहादूर सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा कि ये तो ट्रेलर है अभी पूरी फिल्म बाकी है। जो 12 फरवरी को देखने को मिलेगा। वहीं राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि नीतीश कुमार अब विधानसभा को भंग करेंगे। इसलिए तमाम विधायकों से उन्होंने अपील की है कि वो किसी के झांसे में ना पड़े। राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि हमारे पास बहुमत के आंकड़े हैं। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास बहुमत नहीं है।

## राजद के विधायकों को तेजस्वी के सरकारी आवास पर रोका गया

**पटना।** बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच खबर है कि राष्ट्रीय जनता दल ने सभी विधायकों को तेजस्वी यादव के सरकारी आवास पर रोक दिया है। विधायक दल की बैठक खत्म होने के बाद सभी विधायकों को यहीं रहने का निर्देश दिया गया है। उन्हें घर जाने से मना कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि अब सभी राजद विधायक फ्लोर टेस्ट तेजस्वी यादव के आवास में ही रहेंगे। विधायकों द्वारा घर से कंबल और कपड़ा दवाइयां मंगायी गयी है।

इधर, तेजस्वी यादव के सरकारी आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बाहर से अंदर आने वाले सभी लोगों की जांच की जा रही है। इधर, मीडिया के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। सभी विधायकों के सामान अब धीरे-धीरे तेजस्वी यादव के आवास 5, देशरत्न मार्ग पहुंचने लगे हैं। विधायकों द्वारा घर से कंबल और कपड़ा दवाइयां मंगायी गयी है। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि राजद विधायकों को तोड़ने की चर्चा के बाद अब पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी के विधायकों को नजरबंद किया जा रहा है। हालांकि, राजद की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। दरअसल, शनिवार दोपहर तीन बजे तेजस्वी आवास पर राजद विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी। चर्चा थी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद बैठक में नहीं शामिल होंगे। लेकिन, वह बैठक में शामिल हुए। इससे तमाम अटकलों पर विराम लग गया। इधर, राजद विधायकों को तेजस्वी यादव के आवास पर रोकने के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है। जदयू एमएलसी और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने राजद पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के घटक दल राजद द्वारा यह फैसला लिया जाना कि सारे विधायक और विधानपार्षद 5 देशरत्न मार्ग में नजरबंद रहेंगे।

## हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश के बजट को दोगुना तक बढ़ा दिया

### विधानसभा में सीएम योगी ने किया संबोधित



**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विधानसभा में बजट 2024-25 पर चर्चा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश का जो बेहतर माहौल बना है उसी का परिणाम है कि 19 फरवरी को हम प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश का कार्यक्रम ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से करने जा रहे हैं। यह दिखाता है कि पोटेंशियल उत्तर प्रदेश में था, यहां का युवा उस प्रतिभा से लैस था, उसकी आकांक्षा भी थी, लेकिन कुछ करने की जिजीविषा प्रदेश की लीडरशिप में नहीं थी, सोच नहीं थी, विजन नहीं था, कर्महीनता की स्थिति थी, नीतिगत जड़ता थी। आज हम उत्तर प्रदेश को रेवेन्यू सर प्लस स्टेट बनाने में सफल रहे हैं।

सीएम योगी ने नेता विरोधी दल अखिलेश यादव पर एक के बाद एक करारे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि जब ये सत्ता में थे, तब इनकी अपनी प्राथमिकताएं थीं। इनकी प्राथमिकता विकास नहीं था, किसान नहीं था, युवा नहीं था, महिलाएं नहीं थी, गरीब नहीं था। कहा कि आज उत्तर प्रदेश बीमारू नहीं, रेवेन्यू सर प्लस स्टेट है। यह 7 वर्ष में बिना कोई टैक्स लगाए हुए हुआ है। मंडी शुल्क को आधा किया गया है। प्रदेश में डीजल पेट्रोल की दर देश में सबसे कम है। इसके पीछे रामराज्य की ही अवधारणा है। नेता विरोधी दल को इन सारी चीजों से चिढ़ थी।

### जीएसडीपी को दोगुना करने में रहे सफल

सीएम योगी ने कहा कि अगर हम लोग 2012-13 की तुलना में देखेंगे तो यह तीन गुना से अधिक है और 2016-17 की तुलना में दुगुना बजट है। गत वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत वृद्धि के साथ इसे प्रस्तुत किया गया है। बजट में इसका जो आकार बड़ा है वो केवल व्यय की दृष्टि से नहीं है, वह 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप लोककल्याण के लिए, अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के विकास के लिए, इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए, शिक्षा, स्वास्थ्य और टेक्नोलॉजी को कैसे हम मजबूती दे सकें इस दृष्टि से आमजन के जीवनस्तर को उठाने के लिए और उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को नेशनल एवरेज तक ले जाने के एक संकल्प के साथ यह बजट प्रस्तुत किया है। उत्तर प्रदेश की जीडीपी की बात यहां हो रही थी। अगर 16-17 की तुलना में देखेंगे तो पिछले 7 वर्षों के दौरान, 3 वर्ष कोरोना जैसी महामारी का सामना करने के बावजूद हमारी सरकार जीएसडीपी को दुगुना करने में सफल रही है। हम सब जानते हैं कि 2017 तक उत्तर प्रदेश की कुल जीडीपी 12 और 13 लाख करोड़ के बीच में थी। यानी 70 वर्ष लगे जितना उत्तर प्रदेश की इकॉनमी को पहुंचने में, मात्र 7 वर्ष में उससे दोगुना करने में सफलता प्राप्त की। आज उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था दूसरे नंबर पर पहुंच चुकी है। देश की जीडीपी में हमारा शेयर बढ़ा है।

## प. बंगाल में ममता ने मुसलमानों के लिए रेड कारपेट बिछाया : गिरिराज

**केटी न्यूज/पटना**

बेगूसराय पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक बार फिर बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि बंगाल में अभी जो सरकार चल रही है वह दोहरी नीति से चल रही है। रोहंगिया मुसलमानों के लिए वहां रेड कारपेट बिछाया जा रहा है जबकि बंगाल की सरकार एक धर्म विशेष की संरक्षक है तो वहीं बंगाल में योगी आदित्यनाथ का विरोध करने की बात हो रही है। गिरिराज सिंह ने दावा करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान हम लोग बंगाल जरूर जाएंगे जिसको हिम्मत है रोक के बता दे। सीएम योगी आदित्यनाथ ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो सबके प्रिय हैं। वहीं उन्होंने बिहार की नई सरकार के फ्लोर टेस्ट पर बेवाकी से बात करते हुए कहा कि आज जो लोग दावा कर रहे हैं उन्हें समझना चाहिए कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास इतने विधायक हैं जिससे कि वह स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री हैं और बने रहेंगे।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरा देश इस बात को देख चुका है और सदन में भी इस बात की चर्चा हो चुकी है तक किस तरह यह सरकार भ्रष्टाचार में फंसी रही और भारत की वित्तीय हालत इतनी बदतर कर दी कि वह कहीं का नहीं रहा।

## जीबीसी 4.0 से यूपी में बहेगी निवेश की बयार

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

19 फरवरी को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में योगी सरकार द्वारा आयोजित की जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के माध्यम से पूरे प्रदेश में निवेश परियोजनाओं की शुरूआत होगी। खास बात ये है कि जीबीसी के जरिए प्रदेश के सभी हिस्सों में निवेश की बयार बहेगी। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरूआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। पश्चिमांचल के अतिरिक्त प्रदेश के पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की कार्यवाही की जाएगी। 19 फरवरी को पीएम मोदी और सीएम योगी की मौजूदगी में जीबीसी 4.0 का शुभारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से योगी सरकार यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 10 लाख करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश को धरातल पर उतारेगी। इसके माध्यम से 33.50 लाख रोजगार के अवसरों के साथ 14 हजार से अधिक परियोजनाओं को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे।

### इन परियोजनाओं की होगी शुरुआत

- एनआईडीपी (हीरानंदानी ग्रुप), सिफी टेक्नोलॉजीज, वीएएलएस डेवलपर्स प्रा. लि., एसटीटी ग्लोबल, जैक्सन लि. पूरे यूपी में डेटा सेंटर स्थापित करेंगे।
- अशोक लीलैंड तथा यामाहा पूरे यूपी में ऑटोमोबाइल और ईवी परियोजनाएं स्थापित करेंगे।
- एनटीपीसी, ग्रीनको ग्रुप, टोरेंट पावर, एसीएमई ग्रुप, जेएसडब्ल्यू एनर्जी पीएसपी सिक्स और टस्को प्रदेश में थर्मल, हाइड्रो पावर व सोलर प्रोजेक्ट स्थापित करेंगे।
- एम3एम इंडिया, आईएनजीकेए, द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा और गोदरेज प्रॉपर्टीज प्रदेश में आवासीय और रिटेल संपत्तियों का निर्माण करेंगे।
- टाटा टेक्नोलॉजीज 150 सरकारी आईटीआई को अपग्रेड करेगी।
- एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज और शराफ ग्रुप क्रमश : एक एयर कार्गो टर्मिनल, कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करेंगे।
- टार्क सेमीकंडक्टर्स, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, हायर, एडवर्ब टेक्नोलॉजीज और कैंट आरओ सिस्टम्स प्रदेश में इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों का निर्माण करेंगे।







### राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत फिल्म ठाकुरगंज का भव्य मुहूर्त संपन्न

# भोजपुरी स्टार अंजना सिंह की फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू

**केटी न्यूज/मुंबई**

राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का भव्य मुहूर्त संपन्न हो गया। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है। इस फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की हॉट के कहे जाने वाली अंजना सिंह हैं और उनके अपोजिट राहुल सिंह नजर आने वाले हैं। फिल्म के टाइटल से यह प्रतीत होता है कि यह फिल्म किसी गांव की कहानी पर आधारित है। हालांकि इस फिल्म की स्टोरी के बारे में अभी बताया नहीं गया है। लेकिन कहा यह जा रहा है कि यह फिल्म बेहद रोमांचक होने वाली है।

फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा ने



कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित सिनेमा है जो भोजपुरी दर्शकों को रोमांच की नई यात्रा पर ले जाएगी। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। हम इस फिल्म का निर्माण भव्यता के साथ कर रहे हैं और इस फिल्म का बजट भी रूटिन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म की बागडोर नीरज रणधीर के हाथों है, जो एक काबिल निर्देशक है और हमें उम्मीद है कि उनके निर्देशन में यह फिल्म अच्छा बनकर आएगी।

### अंजना बोलीं... उम्मीद है दर्शकों को खूब पसंद आएगी यह फिल्म

फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से जीना चाहती हूं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है और मैं अपने किरदार को जीवंत करने के लिए भरपूर मेहनत कर रही हूं। फिल्म ठाकुरगंज की पूरी कास्ट एंड क्रु एक टीम वर्क के तहत फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। उम्मीद है कि जब यह फिल्म रिलीज होगी तब यह दर्शकों को खूब पसंद आएगी। अंजना सिंह भोजपुरी की ऐसी अभिनेत्री हैं जो अपने बल पर फिल्म को सफल बनाने का माद्दा रखती हैं। आपको बता दें की फिल्म ठाकुरगंज में कार्यकारी निर्माता के रूप में कुणाल ठाकुर और सोनू कुमार चौधरी हैं। फिल्म के पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। फिल्म में अंजना सिंह और राहुल सिंह के अलावा भोजपुरी के मंजे हुए एक्टर सुशील सिंह भी नजर आ रहे हैं। इसके अलावा परी सिंघानिया, रितु सिंह, अंजलि, माही खान, मनीष आनंद सिद्धांत सिंह, प्रदीप शर्मा, प्रभु, सुनील सिंह, कुणाल ठाकुर, परितोष और सोनू यादव मुख्य भूमिका में हैं।

# शर्मनाक: जहानाबाद नगर परिषद की बैठक में वार्ड पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी भिड़े

- वार्ड पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी में हाथापाई
- कार्यापालक पदाधिकारी का आरोप मेरे साथ हुआ है दुर्व्यवहार

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद नगर परिषद का बैठक हंगामा का भेंट चढ़ गया। वार्ड पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी में हाथापाई होने लगा सरकार के नियमानुसार वार्ड पार्षद की योजनाओं को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में नगर परिषद के सभी वार्ड पार्षद एवं मुख्य पार्षद उपस्थित थे कार्यपालक पदाधिकारी जुल्फिकार अलि प्यामी बैठक में शामिल थे। वार्ड पार्षदों द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी पर मनमानी करने का आरोप लगाया इसका प्रतिरोध कार्यपालक पदाधिकारी ने किया इसी पर वार्ड पार्षद एवं मुख्य पार्षद कार्यपालक पदाधिकारी पर भड़क गए और हाथापाई करने लगे इसी बीच कार्यपालक पदाधिकारी इस बैठक से उठकर जाने लगे तभी वार्ड पार्षदों ने उन्हें घेर लिया और बैठक से बाहर नहीं जाने दिया कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि वार्ड पार्षदों द्वारा मुझे दुर्व्यवहार भी किया गया है।



अगर कुछ पार्षदों द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता तो आज नगर परिषद में अनहोनी घटना भी घट सकती थी। वहीं मुख्य पार्षद का आरोप है कि कार्यपालक पदाधिकारी जब से जहानाबाद में योगदान किए हैं तब से नगर परिषद में विकास कार्ड नहीं हो रहा है। इसी को लेकर मुख्य पार्षद एवं कार्यपालक पदाधिकारी में कई महीनो से विवाद चल रहा था। इसी का परिणाम है कि आज की बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी एवं वार्ड पार्षदों में हाथापाई हुआ है। वहीं यह बात सामने आते ही चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि वार्ड पाषर्दों व कार्यपालक पदाधिकारी के बीच चला आ रहा विवाद अब सड़क पर आने लगा है। इससे विकास कार्य में बाधा पहुंचेगी। इससे नगर का विकास समुचित तरीके से नहीं हो पाएगा। इसके लिए सभी को मिलकर पहल करनी होगी। तभी शहर विकसित हो पाएगा।

## पीडीएस के चावल की कालाबाजारी करता एक युवक गिरफ्तार

**औरंगाबाद ।** गोह पुलिस ने सूचना के आधार पर पीडीएस के अवैध तरीके से चावल की कालाबाजारी करने वालों को एक ऑटो पर लादकर ले जाते वक्त रंगेहाथो धर-दबोचा है। हालांकि पीडीएस दुकानदार तो अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गया। लेकिन ऑटो चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गोह पुलिस को सूचना मिली थी कि अकुरी गांव से जनवितरण प्रणाली दुकानदार धर्मेंद्र साव एक ऑटो पर लादकर पीडीएस का चावल को कालाबजारी करने को लेकर गोह जा रहा है। सूचना मिलते ही गोह थाना गस्ती दल ने चावल लदा ऑटो को पकड़ लिया। इस संबंध में एमओ अभिनित कुमार ने बताया है कि अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर के द्वारा हमें सूचना दिया गया कि गोह पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक ऑटो पर लादकर कालाबजारी को ले जाते हुए पचास किलो का बिस बैग अरवा चावल पकड़ा गया ।साथ ही ऑटो चालक ओबरा थानाक्षेत्र के बेल गांव निवासी मंटू कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई।



गिरफ्तार ऑटो चालक मंटू कुमार ने पुलिस के समक्ष लिखित बयान दिया कि अकुरी गांव निवासी जन वितरण प्रणाली विक्रेता धर्मेंद्र साव के व्यापार स्थल से मैं बिस बैग अरवा चावल अपना ऑटो पर लादकर 600 रुपया किराया लेते हुए रफीगंज विक्रय के लिए ले जा रहे थे। ले जाने के क्रम में विनोबा बिगहा गांव के पास पुलिस ने पकड़ लिया।

## खबरें फटाफट

### गाड़ी में कुट्टी भरने के दौरान युवक गंभीर रूप से जख्मी, इलाज के दौरान हुई मौत

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड के रामपुर टोला देवरिया गांव में गुरुवार को गिरकर घायल हुए 35 वर्षीय युवक का इलाज के दौरान शनिवार की मौत हो गई। इस मनहूस खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कि पहचान गांव निवासी मुकेश कुमार पासवान के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुकेश गांव में ही गाड़ी में कुट्टी भर रहा था। इसी दौरान दुर्घटना हो गई। जिसमें वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में उसे गांव के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया था। परंतु उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रारंभिक इलाज के बाद उसकी स्थिति कोई सुधार नहीं हो रहा था साथ ही उसकी सेहत लगातार बिगड़ती जा रही थी। डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया था। मगध मेडिकल कॉलेज में भी स्वास्थ्य में कोई सुधार न हुआ और आज उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में शोक व्याप्त है। कोई सोच भी नहीं पा रहा है कि उसकी मौत हो गई है।

**बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र में हुई घटना**

# ट्रक की चपेट में आने से इंटर के छात्र की मौत

- रोड जाम के दौरान आक्रोशित लोगों ने ट्रकों में की तोड़फोड़, शीशे टूटे
- ट्रक का डल्ला बाइक के पीछे बैठे युवक के सिर से टकरा जाने के कारण हुआ हादसा

**केटी न्यूज/आरा**

बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मुंशी टोला मोड़ के समीप शनिवार की दोपहर ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार एक छात्र की मौत हो गयी। इलाज के लिए बिहिया स्थिति पीएचसी ले जाने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में उसका भाई भी जख्मी हो गया। उसका इलाज बिहिया पीएचसी में कराया गया। मृत छात्र हसन बाजार ओपी क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी संजय प्रसाद का 22 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार था। जख्मी उसका भाई अमित कुमार है। सुमित कुमार इंटर का छात्र था और आरा में कोचिंग करता था। वह बचपन से ही अपने भाई के साथ ननिहाल दावा गांव में रहता था। इधर, हादसे के बाद लोग आक्रोशित हो उठे और जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों द्वारा रोड़ जाम कर दिया गया। उस दौरान कई ट्रकों के शीशे भी तोड़ दिये गये। उससे अफरातफरी मची रही और स्टेट हाइवे पर कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह और दारोगा आशुतोष कुमार पहुंचे। दोनों अफसरों के समझाने पर मामले को शांत कराया गया। तब जाकर सड़क जाम समाप्त हो सका। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। छात्र सुमित के भाई अमित कुमार ने बताया ट्रक उनके स्कूटी से सटाकर ऐसा निकाला कि डल्ला पीछे बैठे उसके भाई सुमित कुमार के सर में काफी जोर से टकरा गया। उससे वह जमीन पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उस दौरान वह भी गिर पड़ा। उसके बाद इलाज के लिए सुमित को इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सुमित कुमार कुमार अपने दो भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में मां उषा देवी और भाई अमित कुमार है। उसके पिता संजय प्रसाद उड़ीसा में प्राइवेट जॉब करते हैं। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।



# जहानाबाद में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का लोगों ने किया स्वागत



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद विधानसभा में प्लॉट टेस्ट से पहले विधायकों को बोधगया में एकजुट करने के उद्देश्य से पटना से बोधगया जा रहे बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का जहानाबाद में एनडीए जय समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित सभी एनडीए के कार्यकताओं के अभिवादन को स्वीकार करते हुए सम्राट चौधरी ने इशारों से ही इशारों में कार्यकताओं से चुनाव की तैयारी में जुट जाने की भी अपील की। जिससे भाजपा का पूरी शक्ति मिले और देश का विकास हो। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का काफिला जैसे ही जहानाबाद जिला मुख्यालय के सीमा में प्रवेश किया वैसे ही कार्यकताओं ने दर्जनों जगहों पर फूल माला एवं ढोल बजा के साथ स्वागत किया। स्थानीय ऊंटा मोड और अरवल मोड़ पर जैसे ही उपमुख्यमंत्री का काफिला रुमा सभी एनडीए कार्यकताओं ने उपमुख्यमंत्री को फूल माला गुलदस्ता से स्वागत किया। जैसे ही भाजपा के कार्यकताओं को क्या जानकारी हुआ कि सम्राट चौधरी गया जा रहे हैं अरवल मोड़ के समीप भाजपा एवं जदयू पार्टी के नेता बड़ी संख्या में ढोल-नगाड़े के साथ उपस्थित थे सभी कार्यकर्ता एक झलक पाने के लिए उत्सुक थे। लोगों का अभिवादन करते हुए उपमुख्यमंत्री गया के लिए रवाना हो गए। उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा विधायक भी उपस्थित थे उन लोगों ने भी कार्यकताओं का अभिवादन किया।

## एक नजर

### गांव चलो अभियान, भाजपा ने बताया मील का पत्थर

**औरंगाबाद।** गांव चलो अभियान के तहत उपहारा मंडल के सलेमपुर गांव में शनिवार को मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार विद्यार्थी ने भाजपा के गाँव चलो अभियान के तहत ग्रामीण महिलाओं के बीच जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उपहारा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार विद्यार्थी ने कहा की भाजपा के गांव चलो अभियान से वोट शेयर को बढ़ाने में एक मिल का पत्थर साबित होगा। मंडल अध्यक्ष ने यह भी कहा की भाजपा के गांव चलो अभियान के हजारों पार्टी कार्यकर्ता देश के सभी गांवों में मतदाताओं तक पहुंच रहे है और आगामी लोकसभा चुनाव में उनका समर्थन मांग रहे है।

### चुनाव के मद्देनजर नए थानेदारों को मिली जिम्मेदारी

**औरंगाबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ज़िले में पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण लगातार किया जा रहा हैं जिसमें जिले के विभिन्न थानों में पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर प्रभुनाथ प्रकाश बनाए गए हैं, वे नवीनगर थाना में अपर थानाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। ढिबरा थानाध्यक्ष के रूप में देव थाना के अनुसंधान इकाई में तैनात सब इंस्पेक्टर रितेश उपाध्याय की तैनाती हुई है। मुफस्सिल थाना की अनुसंधान इकाई से सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह को माली थानाध्यक्ष बनाया गया है। औरंगाबाद पुलिस लाइन में रहे सब इंस्पेक्टर चंद्रहास सिंह को पुलिस कार्यालय में सोशल मीडिया सेल का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन से सब इंस्पेक्टर मधुबाला को मुफस्सिल थाना की अनुसंधान इकाई में पदस्थापित किया गया है। पुलिस लाइन से सब इंस्पेक्टर रविकांत सिंह को रफीगंज थाना की अनुसंधान इकाई में पदस्थापित किया गया है। इस आशय का निर्देश एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने दी है। विदित हो कि चुनाव के मद्देनजर विभिन्न जिलों में अवधि पूरी कर चुके कई पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। उनकी जगह नए पदाधिकारी को कमान दिया गया।

### लग्जरी कार से शराब जब्त, धंधेबाज गिरफ्तार



**औरंगाबाद।** पुलिस की सख्ती के बाद भी धंधेबाज हर रोज नए-नए तरीके अपनाकर शराब की खेप पहुंचाने में जुटे हैं। इसी क्रम में शराब से लदा एक लग्जरी कार उत्पाद विभाग ने जब्त किया गया। साथ ही एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। मामला कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरौली गांव के समीप की हैं। जहां देर रात संदेह के आधार पर कार की तलाशी में पांच कार्टून शराब बरामद किया गया। पकड़े गए धंधेबाज की पहचान नगर थाना क्षेत्र के फैजल रहमान के रूप में हुई है। पूछ-ताछ में धंधेबाज ने बताया कि हरिहरगंज से शराब लेकर आ रहा हैं और औरंगाबाद में एक जगह डिलिवरी करना है। एसआई मिथिलेश कुमार ने बताया कि चुनाव कार्रवाई के फलस्वरूप एक लग्जरी कार से 43 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। साथ ही एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है जिसके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि अगामी चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगा। ताकि शराब के तस्करी पर अंकुश लगाया जा सके।

# महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

- पाली के पास दो बाईकों के बीच हुई भीषण टक्कर
- घायलों का सदर अस्पताल में कराया गया इलाज

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अस्पताल में इलाजरत बहु से मिलकर घर वापस लौट रहीं 48 वर्षीय एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। मामला एनएच - 139 पर रिसियप बाजार के समीप की हैं। जहां सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी जिसमें उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव निवासी अशोक यादव की पत्नी लालो देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला शहर के एक निजी अस्पताल में इलाजरत अपनी बहु से मुलाकात कर, बाइक से वापस घर लौट रही थी।




इसी क्रम में रिसियप बाजार के समीप कुछ सामान की खरीदारी को लेकर रुक गई। जहां सड़क पार करने के दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में मगध मेडिकल गया रेफर कर दिया गया। रास्ते में ले जाते वक्त महिला की मौत हो गयी। महिला की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इसके बाद मगध मेडिकल कॉलेज में ही महिला का पोस्टमार्टम कराया गया।

घटना को लेकर मृतिका के रिश्तेदार शंकर कुमार ने बताया कि रिसियप बाजार के समीप उनकी मौसी सड़क पार कर रही थी, इसी क्रम में वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हों गए। सदर अस्पताल से रेफर के बाद इलाज के लिए मगध मेडीकल गया ले जा रहे थे, इसी क्रम में उनकी मौत हो गई। जांच के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। किसी ने यह सोचा भी नहीं था कि परिवार पर ऐसा पहाड़ टूट पड़ेगा। हादसे की खबर सूनते ही आसपड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। मामले में उन्होंने आपदा राहत के तहत जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# तीन दिवसीय होगा सूर्य महोत्सव का आयोजन, छात्र-छात्राएं लेंगे हिस्सा

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

पर्यटन विभाग बिहार सरकार पटना तथा जिला प्रशासन औरंगाबाद के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय सूर्य महोत्सव का आयोजन 16 से 18 फरवरी 2024 को किया जाना है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर इस कार्यक्रम में स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रतिभा दिखाने का अधिक से अधिक अवसर प्रदान किया जाना है। इसेक अंतर्गत पेंटिंग, रंगोली, क्विज, कबड्डी, खो-खो, निबंध, मेहंदी, कुश्ती एवं स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस संबंध में डीपीओ स्थापना दया शंकर सिंह ने बताया कि क्विज समूह फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन 17 फरवरी को रानी पोखर के निकट देव में किया जाएगा। 12 फरवरी को आयोजित स्क्रीनिंग में भाग लेना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार जिला स्तरीय पेंटिंग, रंगोली, कबड्डी, खो खो, स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन 17 फरवरी को किया जाएगा तथा निबंध मेहंदी एवं दंगल प्रतियोगिता का आयोजन 18 फरवरी को देव में ही किया जाएगा। पेंटिंग प्रतियोगिता के जूनियर समूह में वर्ग 9 से 12 तक के छात्र-छात्रा तथा सीनियर समूह में वर्ग स्नातक एवं इससे ऊपर के छात्र-छात्रा को वर्गीकृत किया गया है। जूनियर समूह में वर्ग 6 से 8 शामिल होंगे।

# फाइलेरिया की दवा खाने से 19 बच्चे बीमार, सदर अस्पताल में इलाजरत




**केटी न्यूज/जहानाबाद**

फाइलेरिया के दवा खाने से 19 बच्चा हुआ बीमार इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना उर्दू प्राथमिक विद्यालय प्यारी मोहल्ला की है स्वास्थ्य विभाग द्वार फाइलेरिया की दवा खिलाने का अभियान शुरू किया गया था। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा विद्यालय में पहुंचकर बच्चों को दवा खिलाए जैसे ही बच्चे ने दावा खाया किसी के पेट में दर्द किसी के माथे में दर्द होने लगा जैसे ही इस बात की सूचना बच्चों के अभिभावक को लगा सभी लोग दौड़े दौड़े विद्यालय पहुंचे सभी बच्चों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। सदर अस्पताल की उपाधीक्षक डीडी चौधरी ने कहा कि फलेरिया की दवा खिलाई गई है जिसमें 19 बच्चे की तबीयत बिगड़ गई है। सदर अस्पताल लाया गया है उन्होंने कहा कि इससे डरने की कोई आवश्यकता नहीं है बच्चे सभी ठीक-ठाक हैं किसी की मामूली दर्द हुआ है। जिसका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी नई दवा किसी भी व्यक्ति को दिया जाता है तो उसको शुरूआत में थोड़ी प्रॉब्लम होती है। लेकिन इससे ज्यादा डरने की आवश्यकता नहीं है।






# परेशानी... केसठ को सोनवर्षा से जोड़ने वाला संपर्क पथ गड्ढों में तब्दील



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के केसठ गांव को सोनवर्षा तथा फोरलेन से जोड़ने वाला संपर्क पथ पर जगह-जगह गड्ढे उभर आने से राहगीरों को फजीहत झेलनी पड़ रही है। करीब पांच किमी लंबी इस सड़क पर असंख्य गड्ढों के चलते वाहन चालकों के साथ-साथ आम जनता को आवागमन में मुश्किलें उठानी पड़ती है। राहगीर इंद्रजीत कुमार, धर्मेंद्र पांडेय, मनोज सिंह, चंदन सिंह ने बताया कि सड़क पर गड्ढों के चलते राहगीर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। जबकि वाहन अनयंत्रित होने ने दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

लोगों ने जनप्रतिनिधियों से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि वर्षो पूर्व इस सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन, समुचित देखरेख के अभाव में सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े छोटे वाहन जिला मुख्यालय जाते है। वहीं, केसठ, नावानगर, कोरानसराय, चौगाई, भटौली, धेनुआडीह, रामपुर, दसियांव, कतिकनार, रघुनाथपुर, बैजनाथपुर, शिवपुर आदि दर्जनों गांवों के लोगों के आवागमन के लिए एकमात्र सड़क है। इस सड़क से आरा-पटना जाना आसान रहता है। राजद नेता सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि जब एनएच 319 बनने के दौरान ही सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उभरने लगे थे। इसकी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं देने पर बरसात में आवागमन ठप हो जाएगा। सड़क बदहाल होने से नावानगर पूर्वी क्षेत्र के पंचायत वासियों को प्रखंड मुख्यालय से लेकर अनुमंडल और जिला मुख्यालय जाने के लिए रोहतास के रास्ते से जाना पड़ेगा।

### सड़क की जर्जर स्थिति के लिए विभाग की लापरवाही जिम्मेदार

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप पांडेय ने कहा कि सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय है। विभाग और जनप्रतिनिधियों से जल्द मरम्मत कराने की मांग की गई है। यह सड़क 25 गावों के लोगो को सीधे पटना पहुंचता है। 2012 से 2017 तक इस सड़क की दो बार मरम्मत कराई गई है। लेकिन, अब यह चलने योग्य नहीं है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी ने कहा कि एनएच 319 से जोड़ने वाली सड़क की जर्जर स्थिति के लिए विभाग की घोर लापरवाही जिम्मेदार है। सड़क पर इस कदर गड्ढे उभर आए हैं कि वाहन चालकों सहित पैदल राहगीर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। पिछले कुछ महीनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो सड़क पर बने गड्ढों के कारण वाहन असंतुलित होने के अबतक आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। बीते दिनों इस मार्ग पर एक टेपों पलट गई थी। इस ओर सरकार को अविलंब ध्यान देना चाहिए।

## एक नजर

### बहु ने ही की है वृद्धा की हत्या, बेटे ने अपनी पत्नी के खिलाफ दर्ज कराया एफआईआर

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के परमानपुर गांव में गुरूवार की रात 78 वर्षीय शांति देवी की हत्या उसके पुत्र मनीष कुमार की पत्नी रीमा देवी ने ही की है। शनिवार को बैंगलोर से आने के बाद पुत्र मनीष ने अपनी पत्नी के खिलाफ मां की हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया। जिसके बाद हिरासत में ली गई उसकी पत्नी रीमा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि उसकी पत्नी का हमेशा मां तथा मेरे साथ विवाद होते रहता था। इसी विवाद में वह अपनी पत्नी को एक बार छोड़ भी दिया था। लेकिन, बाद में पंचायत प्रतिनिधियों के पहल पर उसे फिर से वापस लाया। गुरूवार की रात उसने मेरी मां की गला दबा हत्या कर दी है। गौरतलब है कि शांति की मौत संदेहास्पद परिस्थिति में गुरूवार की रात हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने पूर्व के मारपीट की घटनाओं तथा ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर उसकी बहु को हिरासत में ले लिया था। पुलिस का कहना था कि घर में सास बहू के अलावे सिर्फ दो छोटे-छोटे बच्चें थे। रात में उसकी मौत होने के बाद दोपहर तक उसने किसी को इस घटना की जानकारी तक नहीं दी थी। जिससे उसके खिलाफ शक गहरा गया।

### जमीन बेचने के नाम पर 17 .5 लाख की धोखाधड़ी, पीड़ित ने दर्ज कराया एफआईआर

**डुमरांव।** नगर के खिरौली निवासी एक व्यक्ति से जमीन बेचने के नाम पर सिमरी थाना क्षेत्र के खरहाटांड़ निवासी एक मां बेटे ने 17.5 लाख रूपए ऐंठ लिए, पीड़ित ने उनलोगों को एक ब्लैंक चेक भी दिया है। बावजूद वे न तो जमीन कबाला किए और न ही पीड़ित का पैसा ही लौटाए। पैसा मांगने पर जान मारने की धमकी दे रहे है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित बालकृष्ण चौबे ने बताया है कि खरहाटांड की उमा द्विवेदी को पैसे की जरूरत थी तथा पुरैनी मौजा के थाना 169, खाता 31, खेसरा 22 में उसकी पांच कट्ठा जमीन है। उसी जमीन को देने का लालच दिखा उसने अपने बेटे आशीष द्विवेदी पिता स्व. प्रभाकर द्विवेदी के माध्यम से मुझसे पैसा मांगे थे। मैने एक एकरारनामे पर 17 अगस्त 2021 को 17.5 लाख रूपए दिए थे। इसके कुछ दिन के बाद से ही मैं बाकी बचे पैसों को लेकर जमीन को कबाला करने की गुहार लगाने लगा। फरवरी 2022 में उमा ने कहा कि आप पैसों के बदले एक चेक दे दिजीए, मैं जमीन कबाला कर दूंगी। तब मैंने बिना तारीख भरे एक चेक दे दिया। लेकिन इसके बाद वे लोग जमीन को कबाला करने में आनाकानी करने लगे। बाद में मैने उनसे कहा कि जब जमीन नहीं देना है तो मेरे पैसे ही लौटा दिजीए। इसी बात पर आशीष मुझे जान से मारने की धमकी देने लगा और कहा कि तुम पैसा की बात भूल जाओ, नहीं तो जान से हाथ धो दोगे। बालकृष्ण ने बताया है कि उसके पास कॉल रिकार्डिंग मौजूद है तथा वे लोग वर्तमान में बनारस में रह रहे हैं।

### द एमिटी स्कूल के छात्रों ने किया स्टेज रिहर्सल



**नावानगर।** सोनवर्षा के द एमिटी स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को मनाया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को छात्रों ने स्टेज रिहर्सल किया। जिसमें नृत्य-संगीत एवं कई ऐतिहासिक नाटक आधारित था। विद्यालय के डायरेक्टर अमरेन्द्र राजेश ने बताया कि भारतीय संस्कृति की विशेषताओं और हमारे जीवन मूल्यों को दशार्ते हुए कई कार्यक्रम जैसे नृत्य, गीत, नाटक आदि प्रस्तुत छात्रों द्वारा किए जाएंगे। उन्होंने कहा शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होते रहना चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है। वार्षिकोत्सव को आकर्षण बनाने की तैयारी में स्कूल के सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मी मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### परीक्षा देने आई युवती प्रेमी के साथ फरार

**नावानगर।** बासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का अपहरण शादी की नियत से करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में युवती के पिता ने बासुदेवा ओपी में नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में पीड़ित ने बताया है कि उनकी बेटी घर से इंटर की परीक्षा देने डुमरांव गई थी। जो देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी। युवती के घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन करने लगे। इसी क्रम में परिजनों को मालूम हुआ कि उसके दूर के रिश्तेदार भोजपुर जिला के चिलहरी गांव निवासी मृत्युंजय सिंह का पुत्र अमन ने शादी की नीयत से उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया है।

### चाकूबाजी मामले में दो आरोपितों पकड़ाए

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नावाडेरा स्थित निषाद टोले में पिछले दिनों हुई चाकूबाजी मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को पकड़ने में सफलता पायी है। आरोपित उसी टोले के रहने वाले प्रभुनाथ चौधरी के पुत्र राधेश्याम और बब्लू बताये जाते हैं। अन्य तीन आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

## मामला दर्ज होने के बाद भी नही हुई चोरों की शिनाख्त, लोगों में भय

# डुमरांव अनुमंडल इलाके में एक माह में आधा दर्जन चोरी की घटनाएं, पुलिस फेल

- पुलिस-प्रशासन की विफलता से लोगों के बीच बढ़ा आक्रोश
- चोर खाली पड़े घरों को रेकी कर चोरी की घटनाओं को देते हैं अंजाम



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल के कई इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं में इजाफा होने से लोगों के बीच दहशत बन गया है। चोरों का दल गांवों व शहर के सभी घरों पर अपना ध्यान जमाये हुए है। इस वजह से ग्रामीण व शहरवासी लग्न में सहमे है। वे अपने परिचित और रिश्तेदारों के यहां शादी-विवाह में भी घर छोड़कर जाने से परहेज कर रहे हैं। लोगों का पुलिस से भरोसा उठने लगा है। पीड़ितों द्वारा स्थानीय थाने में मामला दर्ज होने के बाद भी अब तक चोरों की शिनाख्त करने में पुलिस पीछे रह गयी है। पुलिस-प्रशासन की इस विफलता से लोगों के बीच आक्रोश बढ़ गया है। बताया जाता है कि खाली पड़े घरों व दरवाजे पर बांधे मवेशियों को उचक्के रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

कीमती सामानों पर इस कदर हाथ साफ करते है कि अगल-बगल के लोगों को भी भनक नही मिलती और आराम से बदमाश चोरी कर फरार हो जाते है। पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी किसी भी मामले में अपराधी चिन्हित नही किये गये और न ही सामानों की बरामदगी हुई। लोगों का कहना है कि पुलिस रात्रि गश्ती में लापरवाही बरत रही, जिस वजह से उनके इलाके में चोर सक्रिय हो रहे। इधर चोरी की वारदातों में इजाफा होने के बाद स्थानीय पुलिस अपराधियो पर नकेल कसने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने में जुट गयी है। इस प्लान के तहत असामाजिक तत्वों व फरार अपराधियो की फाइलें खंगाली जा रही है। पुलिस ऐसे तत्वो को दबोचने की तैयारी में है, जो लंबे समय से अपराध की घटनाओं में सक्रिय है। पुलिस की माने तो फरार वारंटियों और जेल से छूटे चोरों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस का मानना है कि चोरी की घटनाओं में एक संगठित गिरोह का हाथ है, जो रात में ताला तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है।

**केस-1** छह फरवरी की रात कोरानसराय थाना क्षेत्र के नोनियाडेरा गांव में चोरों ने सुखलाल कुमार के घर से ढाई लाख नगद व सवा लाख के गहने चोरी कर ली। पीड़ित के अनुसार उसके रिश्तेदार की शादी होने वाली थी, जिन्होंने अपने कीमती गहने यहीं पर रखे थे। पीड़ित ने इस मामले में स्थानीय थाने में एफआईआर भी दर्ज कराया है।

**केस-2** डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन गांव से चोरों ने छह फरवरी की रात दो घरों में धावा बोलकर नगद रुपये व आभूषणों की चोरी कर ली। पीड़ित मुखदेव यादव और सत्यनारायण यादव पड़ोसी बताये जाते हैं। चोरों ने इनके घर से 75 हजार नगदी व सोने व चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ितों ने इस मामले को लेकर डुमरांव थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

**केस-3** कोरानसराय थाना क्षेत्र के सुघरडेरा गांव में चोरों ने गुड्डू यादव और जयराम यादव के दरवाजे पर चार मवेशियों की चोरी कर ली। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने एनएच 120 सड़क को जाम कर मवेशियों की बरामदगी व चोरों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाया और मवेशियों की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नही मिला।

**केस-4** 18 जनवरी की रात डुमरांव नगर पंचित मां काली आश्रम मंदिर से चोरों ने दो घंटों की चोरी कर ली। घंटे की चोरी करने से पहले चोरों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा के तार भी काट उसे क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस मामले में एफआईआर दर्ज होने और पुलिस मामले की जांच पड़ताल के बावजूद चोरों का सुराग नहीं लगा।

**केस-5** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नावाडेरा गांव से चोरों ने रात्रि पहर दो मवेशियों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित नावाडेरा गांव निवासी सीताराम सिंह यादव ने अपने मवेशियों की काफी खोजबीन की लेकिन इसका कोई सुराग नही मिला। थक-हारकर पीड़ित ने अज्ञात पर मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अनुसंधान में जुटी है।

**केस-6** डुमरांव थाना क्षेत्र के मुख्य सड़क के स्थित गैस गोदाम के समीप एक वेल्डिंग दुकान में चोरों ने सेंधमारी कर दुकान से दर्जनों मशीनें व 2300 रुपये को गायब कर दिये। पीड़ित सिकरौल थाना क्षेत्र के बेलहरी गांव निवासी अनिल कुमार साह ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार चोरों ने दुकान में रखे किसी भी मशीन को नहीं छोड़ा।

## बैंक के स्थान परिवर्तन को लेकर ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा, एसडीएम-डीएसपी पहुंचे



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के नया बाजार स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के स्थान परिवर्तन को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया। घंटों विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी भी की। जिसका नेतृत्व भूलन दुबे व संचालन गुड्डू सिंह ने किया। पूर्व से शनिवार को बैंक के स्थान परिवर्तन की सूचना पर ग्रामीण व खाताधारी बैक पहुंचकर रोकने की मांग करने लगे। इस दौरान उपभोक्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। विरोध प्रदर्शन करने वालों की बस एक ही मांग थी कि बैंक का स्थान परिवर्तन नहीं किया जाये। ग्रामीणों का कहना था कि बैंक घनी आबादी के बीच में सुरक्षित है। जिसे आज तक किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है। हमलोगों को काफी सुविधा भी होती है। वहीं लोगों द्वारा बैंक के स्थान परिवर्तन के विरोध में ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज, डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी एवं नावानगर थानाध्यक्ष नंदु कुमार, प्रभारी सीओ अजीत कुमार दल बल के साथ मौके पहुंचकर लोगों समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। वहीं अधिकारियों ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में बैंक का स्थान परिवर्तन करना है। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की मांग पर विचार विमर्श के लिए दो दिन का समय लिया है। इस दौरान भभुआ क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक रविशंकर कुमार, जिला समन्वयक पदाधिकारी हरेंद्र पांडेय, ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अविनाश प्रधान भी मौजूद थे। पंचायत मुखिया अरविंद यादव, राजद नेता सुनिल कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव और चौगाई जिला परिषद सदस्य बंटी शाही ने आधिकारियों से बीच का रास्ता निकालने की अपील की।

## कोचिंग में घुस मनचलों ने छात्राओं से की गंदी हरकत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र में संचालित एक कोचिंग संस्थान में कुछ असमाजिक तत्वों ने घुसकर वहां पढ़ रही छात्राओं से अश्लील हरकत करने के साथ ही फब्तियां कसने लगे तथा कोचिंग संचालक के मना करने पर उनका कालर पकड़ जान से मारने की धमकी दिए। इस मामले में कोचिंग संचालक के बयान पर चार नामजद व चार-पांच अज्ञात युवकों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम कोचिंग संचालक छात्राओं को पढ़ा रहे थे, इसी दौरान मुकेश चौधरी पिता कलेक्टर चौधरी, बिट्टू चौधरी पिता शिवबच्चन चौधरी, अजय चौधरी पिता जागा चौधरी व इना चौधरी पिता रमेश चौधरी के साथ चार-पांच अन्य असमाजिक तत्व आ धमके तथा छात्राओं के साथ अभद्र व अश्लील बातों की टिप्पणी करने लगे। छात्राओं के मना करने पर सभी अपने हाथों में डंडा व रॉड लेकर घुस गए तथा छात्राओं को धमकाने लगे। जब मैनें उनके हरकतों का विरोध किया तो मेरा कालर पकड़ मुझे भी जान से मारने की धमकी दिए। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित अजय चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद से छात्राएं काफी डरी सहमी हुई है। वही अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से कोचिंग संचालक भी भयभीत है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।




## भाजपा नेता अखिलेश दुबे ने किया बक्सर लोकसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा

# बक्सर की जनता से मिल रहे प्यार से अभिभूत हूं: प्रो. अखिलेश दुबे



**केटी न्यूज/बक्सर**

कम दिनों के प्रवास में ही बक्सर लोकसभा क्षेत्र की जनता से जो प्यार व आशीर्वाद मिला है, मैं उससे अभिभूत हूं। उक्त बातें सिमरी प्रखंड के दुबौली गांव निवासी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. अखिलेश दुबे ने केशव टाइम्स से कही। उन्होंने कहा कि वे पिछले 24 घंटे के दौरान लोकसभा क्षेत्र के कोरान सराय, इटाढ़ी, उनवास, परासी, धनसोई, महरौरा, खिरौली समेत करीब दर्जन भर गांवों का तूफानी दौरा कर किए। इस दौरान हर गांव में आम जनता का उनसे भरपूर सहयोग व समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं बक्सर का बेटा हूं तथा इस जिले के विकास में अपने योगदान के लिए मैं वर्षों से लालायित रहा हूं। यही कारण है कि अपनी मातृभूमि की सेवा तथा युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार आदि दिलवाने के उदेश्य से ही मैं अब बक्सर आया हूं। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ चुनाव लड़ने या चुनाव तक ही अपनी भूमिका को सीमित नहीं रखने वाले है, बल्कि जल्दी ही प्रतियोगी छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग तथा उनके योग्यता के अनुसार रोजगार की व्यवस्था किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं निश्चित ही बक्सर के विकास के लिए खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि मौका मिला तो बक्सर को स्मार्ट सिटी बनाने में कोई कसर नही छोड़ूंगा।

### अनिल कुमार ने उर्स में बक्सर की खैरियत की मांगी दुआ



**बक्सर।** बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने सारीमपुर स्थित मजार के उर्स में पहुंच मत्था टेका और बक्सर वासियों के सलामती की दुआ मांगी। इसी क्रम में उन्होंने वहां आयोजित कव्वाली मुकाबला का उद्घघाटन भी किया। इस मौके पर आए हुए हजारों लोगों को संबोधित करते अनिल कुमार ने कहा कि हमारे देश में गंगा जमुनी तहजीब ही खुबसूरती है। हर धर्म का सम्मान, हर धर्म के भाइयों के साथ भाई चारा ही हम भारतवासियों का संस्कार है और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने देश के संविधान में भी भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, यही लिखा है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने में लगी रहती है, बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है। हम भाइयों को आपस में लड़ाना चाहती है। हमें हिंदू मुस्लिम, मंदिर मस्जिद, हिंदू राष्ट्र जैसे मुद्दे पर ध्यान भटकाकर अपना रोटी सेंकना चाहती है। लेकिन हम लोगों ने हमेशा उनके ऐसे नापाक इरादों पर पानी फेरने का काम किया है। इस दौरान लगभग एक घंटे से भी ज्यादा समय तक उन्होंने कव्वाली भी सुना। इस मौके पर मुख्य आयोजनकर्ता मुखिया फारूख खान, सोनू खान, दानिश खान, शेर खान, जावेद खान, बसपा के प्रदेश महासचिव संजय मंडल, अभिमन्यु सिंह कुशवाहा, जिला अध्यक्ष सुभाष गौतम, बसपा नेता लक्ष्मण कुशवाहा, समेत दर्जनों नेता मौजूद थे।



# दुर्लभ पांडुलिपियों पर शोधरत छात्रों के हित को संरक्षित करें कॉलेज : प्रो वंदना

♦ पीजी कॉलेज में टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति को दिया गया गॉड ऑफ ऑनर

केटी न्यूज/गाजीपुर

स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर डॉ. वन्दना सिंह मौजूद रहीं। इस दौरान कुल 500 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने कुशलपाल श्रोतृशाला के समक्ष मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पीजी कॉलेज के प्रबंधक अजीत कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. राघवेंद्र कुमार पांडेय ने मंच से अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि किस तरीके से स्मार्टफोन और टेबलेट वितरित कर वर्तमान सरकार छात्र-



छात्राओं को सूचना क्रांति के मुख्य धारा से जोड़ना चाहती है। उन्होंने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर छात्र-छात्राएं अपने पठन-पाठन को सुगम बना सकते हैं। पीजी कॉलेज के प्रबंधक अजीत कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं को नवीन तकनीक पर आधारित शिक्षा देने के लिए पीजी कॉलेज जाना जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में नूतन जानकारी के लिए शिक्षकों को समय-समय पर यूजीसी द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में भेजा जाता है। इसके साथ ही महाविद्यालय में शिक्षण कार्य नई शिक्षा नीति के अधीन जारी दिशा निदेशों के तहत कराया जा रहा है। महाविद्यालय परिसर में वाईफाई की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में युवाओं को सरकार की ओर से मिलने वाले स्मार्टफोन के जरिए ई-ट्यूटोरियल और स्टडी मैटेरियल का इस्तेमाल कर अपने एकेडमिक जीवन में बेहतर परफॉर्मेंस देना चाहिए। इस कॉलेज में युवा युवतियों सरकार की ओर से मिलने वाले मोबाइल फोन के जरिए अपने अध्ययन को और बेहतर तरीके से निष्पादित करें। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रोफेसर वन्दना सिंह ने बताया की नई शिक्षा नीति को कुशलतापूर्वक लागू करने में सूचना प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है। बच्चों को मिलने वाले स्मार्टफोन और टैबलेट नई शिक्षा नीति को बेहतर तरीके से लागू करने में उत्प्रेरक का कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि पीजी कॉलेज जनपद का सबसे बड़ा महाविद्यालय है। कुलपति ने कालेज के शोध पुस्तकालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि यहां की शोध ग्रंथालय में तमाम दुर्लभ पांडुलिपिया संरक्षित है। महाविद्यालय को हिंडोला पांडुलिपियों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की दिशा में काम करना चाहिए।

## एक नजर

### तेज आवाज के साथ ट्रैक्टर का इंजन ब्लास्ट

**सिकन्दरपुर।** मनियर मार्ग पर खरीद चट्टी के समीप स्थित दुर्गाजी गेट के सामने ट्रैक्टर का इंजन फटने से उस पर सवार आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। घायलों में एक की स्थिति गम्भीर है, जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चल रहा है। सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के कछुआरा गांव निवासी सूर्यनाथ राम मकान की ढलाई का ठेका लेते हैं। शुक्रवार को वह खरीद गांव में ढलाई के लिए अपना मशीन लेकर आये हुए थे। शाम को ढलाई के बाद अपने मजदूरों को साथ लेकर ट्रैक्टर से अपने गांव कछुआरा जा रहे थे। ट्रैक्टर जैसे ही खरीद गेट के सामने पहुंचा था। तेज आवाज के साथ अचानक उसका इंजन फट गया। इससे ट्रैक्टर असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर सवार सभी मजदूर मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि ढलाई मशीन का ऑपरेटर धनु राजभर गंभीर रूप से घायल है।

### पूर्व सांसद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**बलिया।** घोसी के पूर्व भाजपा सांसद, पूर्व कारागार मंत्री और बेल्थरारोड के मूल निवासी हरिनारायण राजभर और उनके पुत्र अटल राजभर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। न्यायालय ने पूर्व सांसद समेत उनके पुत्र को 14 फरवरी तक न्यायालय में उपस्थित कराने का निर्देश दिया है। इसके लिए न्यायालय ने एडीजीपी मेरठ, वाराणसी, डीआईजी आजमगढ़ को पत्र जारी कर दिया है। जिसके तहत एसएसपी बुलंदशहर श्लोक कुमार ने बलिया एसपी और बलिया डीएम को पत्राचार कर पूर्व सांसद और उनके पुत्र को 14 फरवरी तक न्यायालय में प्रस्तुत कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है। जिसके तहत गैर जमानती वारंट तामिल कराने को लेकर उभांव पुलिस भी सक्रिय हो गई है।

### फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जनपद की भांवरकोल पुलिस ने प्रतिबंधित असलहे के साथ वायरल वीडियो के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर वांछित धाराओं में कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बता दें कि गिरफ्तार युवक अंकित राय उर्फ रिशू पुत्र ओमप्रकाश राय इस थाना क्षेत्र के शेरपुर कला गांव के रहने वाले हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पकड़े गए युवक द्वारा पिस्टल से फायरिंग करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में आरोपी युवक चलती कार में सवार होकर पिस्टल से फायरिंग करता नजर आ रहा है। पुलिस ने भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर इलाके से आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व हाई-वे के पास असलहे से फायरिंग का एक वीडीयो वायरल हुआ था। शेरपुर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा के साथ क्षेत्र मैं भ्रमणशील था। इसी बीच कुंन्डेसर के पास एक सांदिग्ध युवक को रोका गया और फिर तलाशी लेने पर उसके पास से प्रतिबंधित पिस्टल तथा दो कारतूस भी बरामद किया गया।

### महिला आरक्षियों को दंगा नियंत्रण हथियारों का दिया प्रशिक्षण

**गाजीपुर।** पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में महिला राशियों को दंगा नियंत्रण हथियारों का प्रशिक्षण दिया गया। पहले पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली गई तथा इसके बाद परेड का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परेड किया। परेड में शामिल सभी थानाध्यक्षों तथा सभी जवानों को दंगा नियंत्रण हथियारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया तथा इन्हें चलाने की ट्रेनिंग भी दी गई। परेड में शामिल महिला आरक्षियों द्वारा भी दंगा नियंत्रण हथियार चलाया गया। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक ने सभी को इन उपकरणों के इस्तेमाल का तरीका तथा प्रयोग के दौरान रखे जाने वाले आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद थानों से आई डायल 112 की गाड़ियों का रिस्पांस टाइम तथा थानों की गाड़ियों में रखे सुरक्षा उपकरणों को चेक कर सभी थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रतिसार निरीक्षक लाइन तथा पुलिस के जवान शामिल हुए।

### महिला को अब नहीं होगी परेशानी : एसपी

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शनिवार को कासिमाबाद थाना परिसर में महिला पुलिस परामर्श केंद्र के जीर्णोद्धार भवन का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। साथ ही थाने पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसपी ने महिला पुलिस परामर्श केंद्र खुलने से महिलाओं को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परामर्श केंद्र खुलने से महिलाओं को अपनी छोटी -छोटी समस्याओं के लिए मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा। उनकी समस्याओं को यहीं पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा सुनकर निस्तारित कर दिया जाएगा। इस बीच एसपी ने थाने पर आए फरियादियों की समस्याओं को भी सुना तथा उसके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। थाना कासिमाबाद पर महिला पुलिस परामर्श केंद्र खुलने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है।

## खबरें फटाफट

### डंपर और ट्रक की टक्कर में चालक व खलासी घायल

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के दरामपुर पेट्रोल पंप के पास एनएच 31 पर शनिवार की भोर में ट्रक और डंपर की जोरदार टक्कर हो गई। जिससे डंपर के चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद ट्रक के चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने डंपर के चालक और खलासी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां स्थिति नाजुक बनी हुई है तथा अपना नाम पता बताने में अक्षम है। स्थानीय लोगों की माने तो दोनों वाहन फेफना की तरफ से आ रहे थे। डंपर आगे आगे चल रहा था जबकि ट्रक पीछे पीछे। इसबीच ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक ने डंपर के पीछे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे डंपर के चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि घटना के बाद ट्रक के चालक और खलासी मौके से फरार हो गए।

### लकड़ी लदा ट्रक पलटा, बाल—बाल बचे चालक व खलासी

**गड़वार।** गड़वार थाना क्षेत्र के बलेसरा गांव के पास शनिवार की भोर में स्कॉर्पियो को बचाने के चक्कर में लकड़ी लदा ट्रक पलट गया। लेकिन बाल- बाल बच गए ट्रक के चालक और खलासी। घटना के बाद बलिया- नगरा मार्ग पर जाम लग गया। ट्रक ड्राइवर का नाम शकील अहमद तथा खलासी का नाम मोहम्मद समीर खान है। ट्रक अमेठी से लकड़ी लाद कर बलिया आ रहा था, अभी बलेसरा गांव के पास पहुंचा ही था कि स्कॉर्पियो को बचाने के चक्कर में पलट गया। हालांकि ट्रक चालक शकील अहमद व खलासी मोहम्मद समीर खान बाल बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर जाम लग गया। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। उधर इस संबंध में गड़वार थानाध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया कि घटना की जानकारी है। ट्रक चालक व खलासी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### भाजपा करती है महिलाओं की मान, सम्मान एवं स्वाभिमान की चिंता

**चंदौली।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शनिवार को शक्ति वंदन अभियान का कार्यशाला एवं चाय पर चर्चा की गई। इसमें कार्यकताओं ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और सरकार की संचालित योजनाओं को गांव के गरीब तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रवली सिंह ने कहा कि शक्ति वंदन अभियान से महिलाओं का सशक्तिकरण होगा। महिलाओं की मान सम्मान एवं स्वाभिमान की चिंता केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। महिलाओं के उत्थान के लिए पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं की सुविधा सुरक्षा सम्मान प्रदान किया है। काशी नाथ सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को हर सेक्टर में बढ़ावा दिया है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुषमा जायसवाल ने कहा कि महिलाएं अपनी संविधान को जाने तभी महिलाओं का संपूर्ण विकास होगा। देश की नारी शक्ति के अगुवाई में भारत का विकास हो।

## विधानसभा में गूंजा बलिया में सामूहिक विवाह का फर्जीवाड़ा

# बलिया में होती है बिना दुल्हे की शादी : वर्मा

♦ विपक्षी समाजवादी पार्टी के नेता लालजी वर्मा ने सामूहिक विवाह में फर्जीवाड़े को लेकर प्रदेश सरकार पर किया जोरदार हमला

केटी न्यूज/बलिया

25 जनवरी को मनियर में हुए सामूहिक विवाह में फर्जीवाड़े का मुद्दा विधानसभा में उठा। विपक्षी समाजवादी पार्टी के नेता लालजी वर्मा ने सामूहिक विवाह में फर्जीवाड़े को लेकर प्रदेश सरकार पर जोरदार हमला किया। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि बलिया में हुए सामूहिक विवाह के लिए लगभग 535 जोड़े पंजीकृत थे। इसमें से आधा से अधिक अपात्र व्यक्तियों का चयन किया गया। इसमें मनियर से 179 चयनित जोड़ों में से 55 अपात्र थे। रेवती से 136 में से 50 अपात्र, बांसडीह से 124 में से 25 अपात्र मिले। हालांकि यहां अभी 23 लोगों की जांच नहीं हुई है। बेरुआरबारी ब्लाक में 133 चयनितों में से 86



अपात्र पाए गए। इसी तरह मैरीटार महिला विधायक का गांव है, जहां 29 चयनित में से सभी फर्जी पाए गए हैं। इस सामूहिक विवाह में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि विवाह में वर-वधू दोनों का होना आवश्यक है, लेकिन इस विवाह कार्यक्रम में दुल्हन खुद ही अपने गले में वरमाला डालते पायी गईं। बांसडीह की विधायक केतकी सिंह का बिना नाम लिए कहा कि जिस वक्त यह विवाह हो रहा था, स्थानीय विधायक भी ताली बजाते हुए पायी गईं। कहा कि यह मुख्यमंत्री की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें लगभग 75 प्रतिशत अपात्र लोगों का विवाह कराया गया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से नियम 56 के तहत इस मुद्दे को अविलंबनीय बताते हुए स्थगन कर चर्चा कराने की मांग की, ताकि सही तथ्य सामने आए। कहा कि जो भी अनियमितता करते हुए पाए जाएं या जिनके दबाव में अपात्र लोगों का चयन किया गया है, उन लोगों को इसमें मुल्जिम बनाया जाए, ताकि इस तरह की हिम्मत दोबारा कोई न कर पाए। इसी मुद्दे पर विधायक संग्राम यादव ने कहा कि बांसडीह की विधायक जिस गांव की हैं, उस गांव की पूरी सूची ही अपात्र बताई गई। इस सामूहिक विवाह में पहली बार बिना दूल्हे के दुल्हन अपने गले में वरमाला डालती दिखी। यह चमत्कारी सरकार ही कर सकती है। उत्तर प्रदेश पहला राज्य बन गया है, जहां बिना दूल्हे के दुल्हन की शादी हुई है। उन्होंने टोका-टोकी के बीच कहा कि जो लोग इसमें शामिल हों, उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## श्रीनर्मदेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलश यात्रा



केटी न्यूज/चंदौली

श्रीनर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शनिवार को अलीनगर वार्ड नंबर 16 से कलश यात्रा निकाली गई। युवतियां, महिलाएं और बच्चे कलश यात्रा में शामिल हुए। अलीनगर वार्ड नंबर 16 स्थित ब्राह्मण बस्ती से निकली कलश यात्रा अलीनगर थाना, श्रीरामजानकी मंदिर, अलीनगर तिराहा ऑटो स्टैंड से होते हुए पुनः ब्राह्मण बस्ती में आकर समाप्त हुई। मंदिर के व्यवस्थापक बृज किशोर पांडेय ने बताया कि श्रीनर्मदेश्वर महादेव, शिव परिवार संग श्रीहनुमत प्राण प्रतिष्ठा के तहत कलश यात्रा निकाली गई। 13 फरवरी को मूर्ति भ्रमण और 14 फरवरी को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। 15 फरवरी को मंदिर पर जागरण और भंडारा के तहत प्रसाद वितरण किया जाएगा। कलश यात्रा में राजकिशोर पांडेय, विनोद पांडेय, श्याम शंकर, श्याम सुंदर, हिमांशु, अंकित, सूरज आदि बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### सुकेता महिला मत्स्य पालक के लिए दें आवेदन

**चंदौली।** मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए 12 फरवरी से आनलाइन आवेदन की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध होगी। यह जानकारी देते सहायक निदेशक मत्स्य रवीन्द्र प्रसाद ने दी। संचालित मत्स्य पालक कल्याण कोष योजनान्तर्गत माता सुकेता महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण परियोजनान्तर्गत जनपद चंदौली के मछुआ परिवारों की महिलाओं को आच्छादित करने के लिये जनपद के विभिन्न जलाशयों में केज स्थापित कर मत्स्य पालन करने हेतु ऑनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल 12 से 17 फरवरी तक आमंत्रित किया गया हैं।

## एएसपी ग्रामीण बोले... खेलकूद से होता है शारीरिक और मानसिक विकास



केटी न्यूज/ गाजीपुर

मुहम्मदाबाद नगर स्थित शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके प्रथम दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने शनिवार को किया। उद्घाटन संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। खेलकूद से शारीरिक मानसिक विकास होता है। इस तरह के महोत्सव से छात्र- छात्राओं के अंदर स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना पैदा होती है। इस मौके पर रोवर्स रेंजर्स की टीम ने मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत कार्यक्रम एवं मार्च पास्ट किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का प्राचार्य डॉ. एसकेएस पांडेय ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम दिन 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान महाविद्यालय के बीए के छात्र पंकज कुमार प्रजापति, द्वितीय स्थान सुनील यादव व तृतीय स्थान दिलशेर खान आए। इस दौरान क्रीड़ा प्रभारी डा. माधवम सिंह, मृत्युंजय कुमार] डा. आस्था साक्षी, डॉ. उदय भान सिंह यादव, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मऊ के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक

केटी न्यूज/ मऊ

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग संयोजक सचिव जिला उद्योग बंधु जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र राजेश रोमन द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्ति से उपस्थित उद्यमियों को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी के संबंध में जनपद में निवेश हेतु कुल 131 इंटेंट के एमओयू साइन हुए हैं, जिसमें 27305.27 करोड़ पूंजी निवेश तथा 27966 का रोजगार सृजन प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत बताया कि प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष 251 आवेदन पत्र बैंकों में प्रेषित हैं, 126 आवेदन पत्र स्वीकृत तथा 96



आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्रवाई विभिन्न बैंकों द्वारा कर दी गई है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 119 आवेदन पत्र बैंकों में प्रेषित हैं, 76 आवेदन पत्र स्वीकृत तथा 51 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्रवाई भी बैंकों द्वारा कर दी गई है। एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत 57 आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों को प्रेषित किया जा चुका है, जिसमें 29 आवेदन पत्रों पर स्वीकृत तथा 23 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्रवाई बैंकों द्वारा कर दी गई है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 775 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसमें 775 लाभार्थियों का प्रशिक्षण संपन्न कराया जा चुका है। मऊ के नाला एवं पानी की निकासी सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

## सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में हुआ ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिता में ताइक्वांडो एसोसिएशन चंदौली ने जीता 23 गोल्ड

केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर

सेठ एम. आर.जयपुरिया स्कूल में इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । जिसमें ताइक्वांडो एसोसिएशन चंदौली की ओर से जे एस ताइक्वांडो क्लब, एस. एस ताइक्वांडो क्लब एवं करवत स्पोर्ट्स अकादमी ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर 23गोल्ड, 7सिल्वर और 2 ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। जेएस ताइक्वांडो क्लब की ओर से अमायरा गुप्ता, सेंट मैरी स्कूल गोल्ड मेडल, परी जायसवाल सेंट पॉल स्कूल गोल्ड मेडल, आदित्य मिश्रा सेंट मैरी स्कूल गोल्ड मेडल, उत्कर्ष तिवारी सेंट मैरी स्कूल गोल्ड मेडल, श्रेया कुमारी गुप्ता सेंट मैरी स्कूल गोल्ड मेडल,



कुरैशा,रेलवे इंटर कॉलेज गोल्ड मेडल, निलेश जायसवाल सेंट मैरी स्कूल गोल्ड मेडल, दिव्यांशी सेंट मैरी स्कूल गोल्ड मेडल, अरायना दास गुप्ता केंद्रीय विद्यालय ब्रांच मैडम, हर्ष खारवाल लक्ष्मी पब्लिक स्कूल सिल्वर मेडल, अमन चौरसिया मानस कॉन्वेंट स्कूल गोल्ड मेडल, यह सभी अपने-अपने भार वर्ग मर्डर में मेडल प्राप्त किए।एस एस ताइक्वांडो क्लब की ओर से देवराज पटेल गोल्ड मेडल आर्यन पब्लिक स्कूल, अनमोल राज सोनकर किड्स कान्वेंट स्कूल गोल्ड मेडल, श्वेतानश केंद्रीय विद्यालय सिल्वर मेडल, शुभम कुमार होली फेथ कॉन्वेंट स्कूल सिल्वर मेडल, दृष्टि कुमारी रेलवे इंटर कॉलेज गोल्ड मेडल, श्रेयांशी रावत एस जी पब्लिक स्कूल गोल्ड मेडल, इच्छा कुमारी किड्स कान्वेंट स्कूल ब्रांच मेडल, आराध्या कुरील केरला पब्लिक स्कूल गोल्ड मेडल, सालवी चंद्र केंद्रीय विद्यालय स्कूल सिल्वर मेडल यह सभी अपने-अपने भार वर्ग में मेडल प्राप्त किया।करवत स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से पायल कुमारी नैंसी पटेल , स्पर्श पटेल, आभास पटेल, निहाल पटेल, आदर्श सिंह, पायल कुमारी, अरुण कुमार, प्रिंस कुमार, और सागर कुमार ने अपने अपने बार-बार में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। दूसरी ओर सोनाक्षी सोनम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया. सभी मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को जयपुरिया स्कूल के डायरेक्टर मनोज बाजपेई और प्रिंसिपल सर ने सभी को मेडल देकर सम्मानित किया।जे.एस. ताइक्वांडो क्लब के कोच सतीश कुमार,एस एस ताइक्वांडो क्लब के कोच कृष्ण देव, सुषमा सिंह, करवत स्पोर्ट्स अकादमी के कोच नीरज पटेल श्वेता सिंह उपस्थित रहे।




